# भा.कृ.अनु.प.– के.मृ.ल.अनु.सं., करनाल ने बागवानी उत्पादों में मूल्य संवर्धन : अनुसूचित जाति के कृषको का जीविकोपार्जन संवर्धि विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

01 सितम्बर 2021, करनाल, हरियाणा

भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी, करनाल के सहयोग से दिनांक 01 सितम्बर, 2021 को फलों और सब्जियों का प्रसंस्करण, संरक्षण और मूल्य संवर्धन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 33 महिला किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार एप्पल जैम, घीया की बर्फी, नींबू का आचार और अमरूद की जैली आदि उत्पाद बनाने के लिए नेहा यादव और नेहा सिंह प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और दर्शाया गया ताकि महिलाओं को उद्यमिता को बढ़ाया जा सकें। साथ ही महिलाओं द्वारा गैर सरकारी संगठन और स्वंय सहायता समूह आदि बनाकर व्यवसाय की शुरूआत कर सकती हैं के बारे में अवगत कराया। सरकारी परियाजनाओं का लाभ उठाने हेतू और उच्च जीवनयापन करने के लिए कार्यक्रम संयोजक प्रियंका चंद्रा और राजकुमार द्वारा बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति श्री नरेन्दर गोरसी जी रहे।

बागवानी विभाग, हरियाणा सरकार, करनाल में प्रशिक्षण के दौरान अनुसूचित जाति के किसान